(o) As and when a complaint is received regarding under-weight|over-charging, it is investigated and if established, action is taken against the errant distributor|dealer as per the Marketing Discipline Guidelines, which include fine, suspension and termination of distributorship.

तहसील स्तर पर गैसजे एसियों की स्थापना

1381. **प्रो० राम बक्ष सिंह वर्मा :**

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार तहसील स्तर पर गैस एजेंसियों को स्थापित करने का विचार कर रही है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस संबंध में वर्ष, 1995–96 के लिए क्या लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) से (ग) उत्पाद की उपलब्धता तथा स्थान के आर्थिक दृष्टि से साध्य होने पर वर्ष 1991 की जनगणना के अनुसार 20,000 तथा उससे अधिक जनसंख्या वाले शहरों में एल०पी०जी० की डिस्ट्रीब्यूटरशिप खोली जाती है । तदनुसार वर्ष 1992–94 की चालू एल पी०जी० विपणन योजना में सम्मिलित 623 एल० पी०जी० डिस्ट्रीब्यूटरशिप के अतिरिक्त वर्ष 1994–96 की नयी एल०पी०जी० विपणन योजना में 1023 एल०पी०जी० डिस्ट्रीब्यूटरशिपों को शामिल किया गया है।

उत्पाद की उपलब्धता में प्रत्याशित वृद्धि तथा छोटे नगरों की मांग को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि छोटे नगरों के लिये एल०पी०जी० डिस्ट्रीब्यूटरशिप की साध्यता का आंकलन करते समय आस-पास के गांवों को भी शामिल किया जाये।

मध्य प्रदेश में गैस पर आधारित परियोजनाओं को गैस का आबंटन

1382. **श्री अजीत जोगी :**

क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या केन्द्र सरकार को मध्य प्रदेश सरकार से गैस पर आधारित परियोजना के लिए गैस के आबंटन हेतु पुनः कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इन परियोजनाओं के लिये गैस आबंटित करने हेतु क्या कदम उठाए गये हैं ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : क) से (ग) विशेष रूप से भंडार गालियर स्थित एक विद्युत परियोजना को शामिल करते हुए, मध्य प्रदेश सरकार से गैस आधारित परियोजनाओं के लिये गैस के आबंटन हेतु, अनुरोध प्राप्त हुए हैं। एच०बी०जे० पाइप लाइन से उपसंबंध होने के लिए अनुमानित समस्त गैस आबंटित कर दी गई है । मध्य प्रदेश में गैस के अतिरिक्त आबंटन पर विचार करना साध्य नहीं है।

Flaring of Gas

1383. SHRIMATI VEENA VERMA:

SHRI SUSHILKUMAR SAMBHAJIRAO SHINDE:

Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAs be pleased to state the quantity of gas flared from different oil fields and installations in India and the percentage of gas utilised and that remaining unutilised?